76वां गणतंत्रता दिवस समारोह

आज दिनांक 26 जनवरी 2025 को नगर के प्रसिद्ध महाविद्यालय बड़ौत में गणतंत्र दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष प्रबंध समिति और प्राचार्य जी द्वारा राष्ट्र ध्वज को फहरा कर और राष्ट्र गान के साथ किया गया । इस दौरान एन सी सी कैडेट्स ने परेड किया और राष्ट्रीय सेवा योजन के सभी इकाइयों से कैडेट्स उपस्थित रहे । कार्यक्रम में आगे छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति की गई, छात्र-छात्राओं ने बढ़चढकर कविता, भाषण, और गीत जैसी विद्याओं में खूबसूरत प्रस्तुति की । बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा आंचल के गीत ने सबको भावुक कर दिया, इसके बाद पिछले शैक्षणिक सत्र में विभिन्न विभागों और पाठ्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल वितरित किया गया और उनकी मेहनत को पुरस्कृत किया गया । कुल ग्यारह स्वर्ण मेडल में से नौ मेडल पर छात्राओं ने अर्जित किया । कार्यक्रम में आगे एन सी सी, ए एन ओ लेफ्टिनेंट डॉ विजय पाल जी ने एन सी सी विंग जनता वैदिक कॉलेज की उपलब्धियां बताई, महाविद्यालय से कई कैडेट्स आज भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे है । साथ ही स्पोर्ट्स विभाग से डॉ अनंत कुमार जी ने खेल की विभिन्न विधाओं में अंतर-महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर छात्र छात्राओं के अचीवमेंट्स को सबके सामने रखा। छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एक लघु नाट्यिका प्रस्तुति की जिसे खूब सहराना मिली । महाविद्यालय छात्र-छात्रा अमन त्रिपाठी, शोएब अख्तर, अमित सिंह, शना आदि ने वीर रस की कविताएं प्रस्तुत की । डॉ श्याम किशोर जी सह समन्वयक NAAC ने कॉलेज के अगले चरण की ग्रेडिंग प्रकिया में जाने की सूचना दी । डॉ अरुण सोलंकी जी ने अपने अभिभाषण में प्रयोगात्मक क्लास आधारित पाठ्यक्रम, स्री केंद्रित समाज, ज्ञान केंद्रित समाज के निर्माण के लिए देश, समाज और महाविद्यालय स्तर पर कार्य करने की बात कही। प्राचार्य जी ने पिछले वर्ष में महाविद्यालय से पैतालीस से अधिक शिक्षकों के वेतनमान वृद्धि सफलतापूर्वक होने पर सबको बधाई दी और प्रबंध समिति की कृतज्ञता जाहिर की, और एक्रेडिटेशन प्रकिया में महाविद्यालय कार्यालय से सभी तरह के सहयोग देने की प्रतिबद्धता जाहिर की । प्रबंध समिति के उप मंत्री श्री श्योदन सिंह जी ने आगे से महाविद्यालय की उपलब्धियों को विस्तार रूप में प्रस्तुत करने की बात कही। वहीं अध्यक्ष प्रबंध समिति श्री वीरेन्द्र पाल सिंह जी ने आयोजन की प्रशंसा की और लेफ्टिनेंट डॉ विजयपाल स्पोर्ट विभाग के डॉ अनंत कुमार के साथ साथ प्रस्तुति देने वाले समस्त छात्र छात्राओं की प्रशंसा और सराहना की । उन्होंने बड़ी संख्या में शिक्षकों के वेतनमान वृद्धि सफलतापूर्वक दिलाए जाने पर बधाई दी। उन्होंने शिक्षा और खेल में हुए ह्रास पर चिंता जाहिर की और शिक्षक समाज से इनमें वृद्धि के लिए योगदान का आह्वाहन किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षण, गैर शिक्षण कार्य में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया । कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ वी पी सिंह जी ने किया । कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन डॉ रश्मि निगम जी ने किया । कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ ।

जनता वैदिक कॉलिज, बड़ौत (बागपत)
(आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में आयोजित)
76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

(बागपत)
समारोह
प्राचार्य
JANTA VEDIC COLLEGE, BARAUT
MEMORIAL GOLD MEDAL

JANTA VEDIC COLLEGE, BARAUT
DEPARTMENT OF BIOINFORMATICS
SH. JAI SINGH SHARMA & SMT. ANGOORI DEVI GOLD MEDAL

जनता वैदिक कॉलिज, बड़ौत
76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह
26 जनवरी 2025